Title: Appealed to the Central Government to restore democracy in Fiji and also to help Mr. Mahendra Pal Chowdhury regain his Prime Ministership to bring an end to the atrocities committed on the citizens of Indian origin.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): सभापति महोदय, फिजी में भारतीय मूल के लोगों पर जुल्म और अत्याचार हो रहे हैं। उनको तबाह किया जा रहा है। उनके पास सम्पत्ति रखने का अधिकार नहीं है। उन पर मनमाने ढंग से शर्तें थोपी जा रही हैं। उनकी दुकानें लूटी जा रही हैं और उनके होटलों में आग लगाई जा रही है। यह हर्ा का विाय है कि वहां के अपदस्थ प्रधानमंत्री आजकल भारत आये हुये हैं जिनको राजकीय सम्मान प्रदान किया गया है।

सभापति महोदय, जिन जिन देशों में भारतवंशी रहते हैं और जब-जब उन लोगों पर कोई मुसीबत आती है तो वे हमारे देश की ओर देखते हैं क्योंकि उन लोगों को यहां से एकमात्र सहारा मिलता है। भारत हमेशा पीड़ितों का पक्ष लेता रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि फिजी में जो भारतमूल के लोग रहते हैं, वर्तमान शासक उन लोगों के साथ जो कुछ कर रहे हैं, उससे एक प्रकार से उनका भविय अंधकारमय होता जा रहा है।

_

13.00 hrs.

1869 में जब हिंदुस्तान में अंग्रेजों का शासन था, तब फीजी में भी अंग्रेजों का शासन था। तब भारतवासियों को एक प्रकार से गुलाम बनाकर फीजी में ले जाया गया था। लेकिन उन लोगों ने वहां जाकर अपने स्वाभिमान और पुरुार्थ के बल पर इतनी अधिक मेहनत करके फीजी को एक उन्नतिशील राट्र का स्थान प्रदान किया और वहां अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया और फीजी की कायापलट कर दी। आज वहां चालीस प्रतिशत से ज्यादा आबादी भारतीय मूल के लोगों की है। अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहूंगा कि इस समय वहां की निरंकुश सरकार भारतीय मूल के लोगों की उपेक्षा कर रही है, इसलिए सरकार उन जुल्मों को समाप्त करके वहां लोकतंत्र बहाली में सहयोग प्रदान करके श्री महेन्द्र चौधरी को फिर से प्रधान मंत्री नियुक्त कराये, यही मेरी प्रार्थना है।...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : I am calling everybody.